<u>जैन भारती मृगावती विद्यालय</u>

जे.एम्. वी./**2024-25**/परिपत्र संख्या-**32** दिनांक **– 05-11-2024**

प्रिय अभिभावकगण,

नमस्कार।

‘ स्वच्छता में ही ईश्वर का निवास होता है।’

जैसा कि आप सबको विदित है कि हमारा विद्यालय पिछले कुछ वर्षों से स्वच्छता के नियमों का पालन करने हेतु विद्यार्थियों में जागरूकता लाने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इस मुहिम को और अधिक कारगर बनाने हेतु स्वच्छता अभियान **"एक डस्टबिन गाड़ी के नाम #जेएमवी"** का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के साथ –साथ अभिभावकों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कचरे के सही निपटान के लिए उन्हें प्रेरित करना है।

इस अभियान के अंतर्गत आपसे विनम्र निवेदन किया जाता है कि आप अपनी निजी गाड़ियों में एक डस्टबिन अवश्य रखें, ताकि गाड़ी में कचरा इधर-उधर ना फैले और न ही उसे सड़क पर बाहर फेंका जाए। इस अभियान को सफल बनाने हेतु हम आपसे सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप आपकी निजी गाड़ी में डस्टबिन लगाएं और उसका फोटो खींचकर अपने बच्चे के कक्षा अध्यापक/अध्यापिका को भेजें। आपके सक्रिय सहयोग से हम इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कर पाएंगे और स्वच्छता के प्रति एक सकारात्मक संदेश सभी के बीच प्रसारित कर सकेंगे।

धन्यवाद।

अनुपमा भरद्वाज
प्रधानाचार्या